# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 23.10.2020

- **नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं इसमें जन सहभागिता सुनिश्चित किये जान हेतु उपहार उपवन स्कीम,हरियाली योजना शुरू की गई।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, तथा रामनवमी एवं दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत साफ–सफाई,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति तथा पथ प्रकाश हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।**

1– नगर निगम,शाहजहॉपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं इसमें जन सहभागिता सुनिश्चित किये जान हेतु उपहार उपवन स्कीम,हरियाली योजना शुरू की गई। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महानगर के निवासीगण शुभ अवसरो जैसे जन्मदिन,शादी, सालगिराह,सगाई,पर्व,पुण्यंतिथि आदि विशेष तिथियो पर वृक्षो का रोपण आर्शीवार्द,बंधन,स्मृति या अन्य नाम से कर सकते है। नगर निगम द्वारा इस योजना के माध्यम से नगर वासियो को अपनी स्मृतियो को सहेजने के लिये अवसर प्रदान किया जा रहा है। उपहार उपवन में पौधा लगाने के लिये प्रति पौधा रू0–5100/– नगर निगम, शाहजहाँपुर के खाता सं0 50100332418701 आई0एफ0एस0सी0 कोड HDFC0000869 में पौधा लगाने के पूर्व जमा करना होगा। उपवन में पौधा लगाने के लिये नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा माह के प्रथम एंव तृतीय रविवार को निर्धारित किये गये है। इन दो दिवसों में ही पूरे माह के आवेदकों को वृक्षारोपण करना होगा। उपहार उपवन में पौधा लगाने के लिये पौधे की/स्थान की/ट्रीगार्ड की उपलब्धता नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा की जायेगी। यदि आवेदक किसी विशिष्ट प्रजाति का पौधा लगाना चाहता है तो उसकी व्यवस्था आवेदक को स्वंय करनी होगी, परन्तु इसके लिये नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा आवेदन शुल्क में कोई भी कटौती नही की जायेगी। उपहार उपवन में लगाये जाने वाले पौधे वन विभाग की नर्सरी में उपलब्धता व मौसम की अनुकूलता के अनुसार होंगे। उपहार उपवन में लगाये जाने वाले सभी पौधों की देखरेख व सुरक्षा की जिम्मेदारी नगर निगम,शाहजहाँपुर की होगी। उपहार उपवन में लगाये गये पौधों में यदि कोई पौधा जीवित नही रहता है तो नगर निगम, शाहजहाँपुर उसके स्थान पर उसी प्रजाति का दूसरा पौधा रोपित कर देगा। उपहार उपवन में लगाये जाने वाले सभी पौधे नगर निगम शाहजहाँपुर की सम्पत्ति माने जायेंगे। आवेदक अपने द्वारा रोपित पौधे का निरीक्षण पार्क के खुलने के समय कभी भी कर सकते है। इस योजना के अन्तर्गत, अशोक, छोटी पीपल बरगद,महुआ,बेल,नीम, केनार,शीशम,अमरूद,आम,जामून,सहजन व अन्य पौधो रोपण अपनी रूचि के अनुसार किया जा सकेगा।

2– नगर आयुक्त महोदय द्वारा रामनवमी एवं दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत साफ–सफाई,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति तथा पथ प्रकाश हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। दिये गये निर्देश के कम में नगर के सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई जोन–1 में खन्नौत नदी,सफाई जोन–2 बाडूजई प्रथम, सफाई जोन–3 मो0 वर्कजई सफाई जोन–4 मो0 चारखम्बा से गर्रा पुल, सफाई जोन–5 मो0 रोजा नोटिफायड एरिया हास्पिटल इन स्थानो पर वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 22.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संकमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा, नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जा रहा है।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग रोकने हेतु की गई कार्यवाही की जा रही है, नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत नगर के विभिन्न पूजा स्थलो पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई, दवा छिड़काव तथा सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर
23/10/2020